भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 471

बुधवार, दिनांक 22 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

फ्लोटिंग सोलर पीवी क्षमता आकलन प्रारूप रिपोर्ट

471. **श्री विजय बघेल:**
श्री अनुराग सिंह ठाकुर:
श्री प्रदीप पुरोहित:
श्री भर्तृहरि महताब:
श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:
श्री लुम्बाराम चौधरी:
श्री अभिमन्यु सेठी:
श्री रोडमल नागर:
डॉ. हेमंत विष्णु सवरा:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
श्री गोडम नागेश:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की द्वारा तैयार की गई फ्लोटिंग सोलर पीवी (एफएसपीवी) क्षमता आकलन प्रारूप रिपोर्ट और प्रारूप फ्लोटिंग सौर नीति को अंतिम रूप देने और अधिसूचित करने की स्थिति और समय-सीमा क्या है;

(ख) इस आकलन के तहत हिमाचल प्रदेश, विशेष रूप से शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र और मध्य प्रदेश सहित देश भर के जलाशयों में पहचान की गई कुल फ्लोटिंग सौर क्षमता का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-बार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मसौदा नीति में कई राज्य विभागों से जुड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के लिए एकल-खिड़की मंजूरी तंत्र का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या वर्ष 2030 तक एफएसपीवी क्षमता वृद्धि के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और यदि हाँ, तो हिमाचल प्रदेश, विशेषकर शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (घ): जून 2026 में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान द्वारा प्रकाशित भारत की सौर पीवी संभाव्यता- फ्लोटिंग सौर रिपोर्ट के अनुसार, भारत की फ्लोटिंग सौर संभाव्यता 102.18 GWp होने का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार चिन्हित फ्लोटिंग सौर संभाव्यता अनुलग्नक में दी गई है।

वर्तमान में, कोई फ्लोटिंग सौर नीति उपलब्ध नहीं है; तथापि, फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए, इसके लिए ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजनाओं की तुलना में जल संसाधन, सिंचाई, वन आदि जैसे राज्य विभागों के साथ समन्वय की आवश्यकता है। अभी देश में एफएसपीवी (FSPV) क्षमता वृद्धि के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 22.07.2026 को लोक सभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं. 471 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार फ्लोटिंग सौर संभाव्यता

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संभाव्यता **(GW)**
आंध्र प्रदेश	1.46
असम	0.01
बिहार	0.23
चंडीगढ़	0.01
छत्तीसगढ	2.73
गोवा	0.17
गुजरात	6.32
हिमाचल प्रदेश	1.99
जम्मू एवं कश्मीर	0.88
झारखंड	2.81
कर्नाटक	13.69
केरल	2.22
लद्दाख	0.39
मध्य प्रदेश	14.89
महाराष्ट्र	16.28
मणिपुर	0.61
ओडिशा	12.81
पुदुचेरी	0.04
पंजाब	0.03
राजस्थान	3.36
तमिलनाडु	3.34
तेलंगाना	10.72
उत्तर प्रदेश	5.64
उत्तराखंड	0.77
पश्चिम बंगाल	0.77
कुल	**102.18**

*****